वे पशु जो अतिरिक्त हैं उत्पादक गायें तथा बछड़ियां होने के कारण पशुपालकों को मुफ्त दिये जाते हैं और निम्न दुग्ध उत्पादन वाले क्षेत्र के पशुपालकों को उन्हें चुनने की प्राथमिकता दी जाती है। विशेषकर उक्त उल्लिखित दक्षिण तथा पू ं के राज्यों में अतिरिक्त पशु अधिक भेजे जाते हैं। इस योजना को केवल अपरेशन का उपाय न समझा जाय। यद्यपि इस प्रकार के पशु उत्तर भारत में अतिरिक्त माने जाते हैं तथापि उनमें दक्षिणी तथा पूर्वी राज्यों की गायों की अपेक्षा अत्यधिक दूध उत्पन्न करने की सहज स्वाभाविक क्षमता है।

जब पहली बार पशु उत्तरी राज्यों में भेजे गये तथा पशु मालिकों ने उनकी उपयोगिता का मूल्य समझा तो ऐसी गायों की मांग अत्यधिक बढ़ गई और उस मांग की पूर्ति करना कठिन मालूम पड़ता है। उनके उपयोग के लिये दूसरा प्रोत्साहन यह दिया गया है कि ऐसे पशुओं को अधिक संख्या में ले जाने के लिये पचास प्रतिशत रेल यातायात की रियायत दी गई है। अभी शुभारंभ किया गया है और अभी तक करीब पांच हजार गायें तथा बछड़ियां विभिन्न राज्यों को भेजी गई हैं।

पंजाब में उसकी आवश्यकताओं के बावजूद एक लाख अतिरिक्त पशु हैं। जब इस योजना की अच्छी प्रगति होगी तो एक ओर देश में दुग्ध-उत्पादन बढ़ेगा और दूसरी ओर अतिरिक्त पशुओं का अच्छा उपयोग संभव हो सकेगा।

सरकार की दूसरी महत्वपूर्ण योजना बम्बई तथा कलकत्ता दोनों शहरों से गायों तथा भैंसों के बछड़ों की रक्षा करना है क्योंकि इन शहरों में उपेक्षा के कारण या तो बछड़े मर जाते हैं या हत्यागृह भेज दिये जाते हैं। बम्बई के आरे, तथा हरिनघाटा इलाकों में सरकार ने अतिरिक्त बछड़ों को खरीद कर पशुपालकों को मुफ्त बांटने का प्रबन्ध किया है। इस योजना का उद्देश्य और आशय वह नहीं है जो उक्त उल्लिखित अतिरिक्त उत्पादक पशुओं के उपयोग का है। बम्बई का आरे इलाका मैसूर, मद्रास, आन्ध्र प्रदेश, केरल जैसे दक्षिणी राज्यों को इस प्रकार के बछड़ों का वितरण करेगा। संघीय क्षेत्र मनिपुर तथा त्रिपुरा में अधिक उत्पादक गाय जो पंजाब के प्रजनन क्षेत्रों में से अधिक मूल्य पर इन शहरों में भेजी गयी है उनकी संतति होने के कारण इस प्रकार के बछड़ों को भी माताओं की तरह अधिक उत्पादन क्षमता सपन्न न माना जाय। केवल उसी समय उनकी क्षमता का मूल्य आंका जा सकता है जब कि वे वाकई उत्पादन शुरू करती हैं और स्थानीय नस्लों को सुधारने लगती हैं। यह योजना भी अधिक उत्पादन के लिये अतिरिक्त पशुओं के उपयोग का एक उदाहरण है।

वार्षिक रूप से आरे इलाके से करीब ढाई हजार तथा हरिनघाटा से इक्कीस सौ बछड़ों का वितरण करना इस योजना का पुनीत लक्ष्य है। यद्यपि देश आवश्यकता से अधिक पशु होने की समस्या का सामना कर रहा है और गौ-हत्या निषेध के कारण उसे अनुत्पादक तथा अनुपयोगी पशुओं की बढ़ती हुई अत्यधिक संख्या को रखना पड़ता है, फिर भी पहली तथा दूसरी योजनाओं में पशु विकास योजना के अमल के उपाय अपनाने तथा राज्य के पशुपालन विभागों के सफल प्रयत्नों के कारण उत्पादक क्षमता को बनाया ही नहीं रखा गया है बल्कि वस्तुतः दूध-उत्पादन में निश्चित वृद्धि भी हुई है। पशुधन गणना तथा दुग्ध उत्पादन के आंकड़ों से यह स्पष्ट हो जाता है।

	१९५१	१९५६
गाय	३६६ पौंड	३८२ पौंड
भैंस	६६३	१११७
बकरी	१२२	१२७

इस प्रकार कुल दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि हुई है:—

	१९५२	१९५६
गाय	२०७४ लाख मन	२१६१ लाख मन
भैंस	२५६०	२६४०
बकरी	१२८	१५०
कुल	४७६२	४९५१

इन आंकड़ों से प्रति पशु उत्पादन और छः लाख मन से अधिक वास्तविक दुग्ध उत्पादन की वृद्धि का पता लगता है। पहली पंचवर्षीय योजना में शुरू की गई विकास योजनाएं न केवल दूसरी योजना में चालू की गईं बल्कि उनका काफी विस्तार भी किया गया है। इनके अतिरिक्त उक्त प्रस्तावित दो नई योजनाएं अगली कुछ शताब्दियों तक उत्पादन बढ़ाने में पू ी मदद देती रहेंगी।

मवेशियों को माता से बचाइये

प्रयाग चन्द मोहता
पशु-पालन विस्तार अधिकारी सूरतग

यह रोग देश के विभिन्न इलाकों में माता चेचक, खूनी मौक, रिंडरपैस्ट, मरी, पोकनी, भवानी, कलोमीन, डगान, भगवती, जगदम्बा आगाटी, शीतला और छेरा आदि अनेक नामों से संबोधित किया जाता है।

विवरण

यह रोग गाय, भैंस, बछड़े, बकरे, ऊंट, भेड़ें, हिरण, जंगली भैंसे आदि अनेक जुगाली करने वाले पशुओं में होता है। अश्व, श्वान, खरगोश, चिड़िया आदि पशु-पक्षियों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पहाड़ी इलाके के पशु मैदानी इलाके के पशुओं की अपेक्षा इस रोग से अधिक ग्रस्त होते हैं। मैदानी पशु इससे ५० से ६० प्रतिशत मौत के मुंह में जाते हैं जबकि पहाड़ी इलाके के ७५ या शत प्रतिशत । ऐसा कहा जाता है कि हमारे देश में करीब चार लाख पशु प्रतिवर्ष इस रोग से मरते हैं। इसके प्रकोप से जो क्षति पहुंचती है उसका मूल्यांकन ३० करोड़ रुपए दिया गया है।

फैलाव

यह रोग अक्सर पीड़ित पशु के जूठे चारे, लार, मक्खियों, पशु सेवक के जूते व कपड़े आदि के माध्यम से फैलता है। कुत्ते, बिल्लियां भी इस रोग के फैलाने में मदद करते हैं। इसका फैलाव अविलम्ब होता है। एक बार पशुओं में फैलने के पश्चात काफी अरसे तक यह अपना दुष्प्रभाव दिखाता है।

असामयिक किंचित पशु मृत पाए जाते हैं। प्रारम्भिक अवस्था में पशु-ज्वर से पीड़ित हो जाता है। अक्सर शरीर का तापक्रम १०४ डिग्री से १०८ डिग्री फारेनाइट के मध्य होता है। पशु सुस्त हो जाता है, जुगाली बन्द कर देता है और उसे कंपकपी होने लगती है। पशु अपनी कमर धनुष की तरह मोड़ लेता है तथा आंखों में पानी श्रावित होता है। मांस पेशियों का संकोचन, मुंह से बदबू आना, जीभ पर अल्प छाले होना भी इस रोग के लक्षण हैं।

लक्षण

अंतिम अवस्था में पशु को दस्त लगने लगते हैं जो कि रक्तमय होते हैं। आंख, मुंह और कान से पानी बहने लगता

है। पशु की कमजोरी चरम सीमा पर पहुंच जाती है और उसमें खड़े होने की शक्ति भी नहीं रहती। श्वास-प्रश्वास के समय एक अजीबोगरीब आवाज भी आया करती है। पशु एक-दो रोज बाद मर जाता है। मृत्यु के समय तापक्रम साधारण से भी कम हो जाता है। जो पशु इस रोग से बच जाते हैं वे कुछ समय के लिए पूर्ण रूप से कार्य करने में असमर्थ हो जाते हैं। इस रोग से गर्भवती गाय व भैंस का गर्भपात भी हो जाता है।

इस रोग की मुख्य पहिचान के लिए निम्नलिखित लक्षण विशेष कर स्मरण रखने चाहिए :—

(१) ज्वर

(२) सुस्ती व कमजोरी

(३) जुगाली का बन्द करना

(४) खूनी दस्त।

उपचार

सल्फामेजेथीन इसके लिए लाभकारी सिद्ध हुई है। जिन्हें दस्त आते हों उन पशुओं को केवोलीन और पोटाशियम परमेगनेट दिया जा सकता है।

सावधानी

(१) जिस जगह यह रोग दिखाई दे वहां के निवासियों को चाहिए कि रोगी पशु को यथाशीघ्र स्वस्थ पशुओं से पृथक करदें।

(२) रोगी पशु के चारे दाने को किसी अन्य पशु को न खाने दें व बचे हुए को जलादें।

(३) यदि संभव हो तो मृतक पशु को उसी स्थान पर जला देना उपयुक्त है वरना गहरा गढ़ा खोदकर गाढ़ देना चाहिए।

(४) इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि मरे हुए पशु की कोई खाल खेंच न पाए।

(५) जिस जगह रोगी मरा हो उस स्थान को जला देना अच्छा होता है।

टीका

इस रोग से अपने पशुओं को बचाने के लिए जी०टी०वी० के टीके लगाने चाहिए। इस टीके के लगाने से एक लाभ यह है कि एक बार पशु के टीका करवाने के पश्चात् पशु आयु भर माता से ग्रस्त नहीं होता। अक्तूबर सन् १९५४ में कृष्णा नदी के समस्त दक्षिणी इलाके में और कुछ उत्तरी जिलों में पशुओं के यह टीका लगाया गया था। टीका लगाने के पश्चात् आज तक उस इलाके में माता का प्रकोप नहीं हुआ। इससे प्रेरित होकर हमारी केन्द्रीय सरकार ने माता उन्मूलन आन्दोलन प्रारम्भ किया है जिसके, अन्तर्गत लाखों पशुओं के टीके लग चुके हैं।

अतः पशु पालकों को चाहिए कि जब टीके लगाने वाली पार्टी उनके गांव में आए तो उन्हें इस रोग के भयंकर खतरे से बचने के लिए टीके लगवा लेने चाहिए।

- टीके लगवाने से पशु को किसी प्रकार की हानि नहीं होती।
- टीके लगवाने के पश्चात् आप अपने पशुओं को पुनः काम में ले सकते हैं काम बंद करने की जरूरत नहीं।
- टीका लगवाने के पश्चात् अपना पशु माता से मुक्त हो जाता है।
- टीके से दुधारू पशु के दूध में कोई फर्क नहीं पड़ता।

कुछ सामान्य रोगों की गृह-चिकित्सा

आर० एन० श्रीवास्तव

पशु-धन भारतीय किसान की अमूल्य निधि है। इसकी देखभाल और संभाल बहुत जरूरी है। प्रायः देखा गया है कि किसान अज्ञान और असावधानी के कारण बहुधा साधारण रोग होने या चोट लगने पर अपने बहुमूल्य पशु खो बैठते हैं। यदि वे थोड़ी सी सावधानी से काम लें तो वे इस हानि से बच सकते हैं। यहां उनकी जानकारी के लिए कुछ साधारण रोग और उनके उपचार बताये गये हैं।

अफरा

यह रोग पेट में दूषित चारे के सड़ने के कारण होता है।

उपचार---(क) तारपीन का तेल आधी छटांक और अलसी का तेल आठ छटांक मिलाकर नाय (बांस की नली) से पशु को पिलाइए।

(ख) नीम की एक टहनी (एक फुट लम्बी और एक इंच मोटी) काट कर चिकनी कर लीजिए और उसको पशु का मुंह खोलकर उसमें इस तरह जबड़ों के बीच में लगा दीजिए जैसे घोड़े के मुंह में लगाम लगाया करते हैं। इससे पशु जुगाली करने लगता है जिसके कारण आंतों में चाल पैदा हो जाती है और दूषित वायु बाहर निकलने से पशु को आराम मिलता है।

(ग) इस रोग में पशु की बायीं कोख फूल जाती है। उस पर झटके से मलने पर पशु के पेट में जमा वायु बाहर निकल जाती है और पशु की पीड़ा कम हो जाती है।

(घ) पशु को खड़ा न रखिए। धीरे-धीरे चलाइए जिससे आंतों में चाल पैदा हो और दूषित वायु बाहर निकले।

(ङ.) हींग एक तोला, पिसी सोंठ आधी छटांक आधा सेर गर्म पानी में घोल कर पशु को पिलाइए।

पशु के स्वस्थ होने पर उसको कुछ दिनों तक सानी नहीं देनी चाहिए। उसको कम से कम एक सप्ताह तक सूखा चारा खिलाना चाहिए।

पेचिस

उपचार---(क) यदि पशु को दस्त लगने लगें तो कत्था एक तोला और खड़िया मिट्टी एक छटांक पीस कर और उनको चावल के मांड में मिलाकर देना चाहिए। इस मात्रा को दिन-रात में दो तीन बार रोग और रोगी पशु की हालत के अनुसार देने से पशु को आराम आ जाएगा।

(ख) यदि पशु के गोबर में बदबू आती हो तो पहले नीलाथोथा ४५ ग्रेन (लगभग एक पैसा भर) बारीक पीस लें और उसे आधा सेर पानी में घोलकर पशु को एक बार पिला दें। इस दवा को दोबारा न दें, नहीं तो इससे पशु को हानि होने का डर है। इसके पश्चात् ऊपर (क) बतायी गयी औषधि दें।

अपच

कभी-कभी पशु कम चारा खाने लगता है और धीरे-धीरे कमजोर हो जाता है।

उपचार---कुचले के बीज बालू में भून लें और फिर खरल में कूट लें। नौसादर एक तोला, सोंठ सफेद एक छटांक, अलग-अलग पीस लें। फिर इनको मिलाकर उसमें कुचला (एक चवन्नी भर) मिला दें। यह दवा की एक मात्रा है। इसको गुड़ में लड्डू बनाकर या शीरे में चटनी जैसी बनाकर पशु को खिलाएं। ऐसी दो मात्राएं २४ घंटे में दीजिए। एक सप्ताह

खिलाएं। फिर दो-चार दिन दवा देना बंद कर दें। उसके बाद फिर एक सप्ताह तक दवा खिलाएं। ऐसा करने से पशु स्वस्थ हो जाएगा और अच्छी तरह पूरा चारा खाने लगेगा।

बहुधा ऊंची-नीची जमीन पर चलने या पैर के नीचे कंकड़ मिट्टी आदि आ जाने से या फिसल जाने से पशु के पैर में मोच पड़ जाती है।

उपचार—(क) पहले यह देखिए कि मोच किस हिस्से में है। पशु की टांग पर धीरे-धीरे जोर देकर हाथ फेरने से उसका पता चल जाता है। जहां चोट लगी होगी वहां हाथ पड़ने से पशु पैर उठाएगा। अधिक पीड़ा होने पर पशु लंगड़ाने लगता है। इसके लिए शराब एक छटांक, सरसों का तेल आध सेर मिलाकर रख लीजिए और उसमें से थोड़ा-थोड़ा लेकर मोच की जगह मलिए। खालिस शराब या स्पिरिट भी मल सकते हैं।

(ख) स्पिरिट एक छटांक, तारपीन का तेल एक छटांक, आधा सेर सरसों के तेल में मिलाकर मालिश का तेल बना लें, और फिर उसे थोड़ा-थोड़ा काम में लाएं।

(ग) मोच की जगह सिकाई कीजिए। साफ पानी किसी बाल्टी में गर्म कर लीजिए। उसमें दस-बीस बूंद तारपीन का तेल मिला लीजिए और किसी साफ कपड़े को उस पानी में भिगो कर और फिर पानी निचोड़ कर चोट पर सेकिए।

(घ) पशु को जब तक आराम न हो तब तक उससे कोई काम न लीजिए।

(ङ) यदि चोट के हिस्से पर पट्टी बांधी जा सके तो पट्टी बांध कर पट्टी को ठंडे पानी से तर रखना चाहिए। यदि सूजन अधिक हो तो सेकना चाहिए, मालिश नहीं करनी चाहिए। मालिश सूजन कम होने पर ही करनी चाहिए।

कंधा लगना

बहुधा बछड़ों को जब पहली बार हल या गाड़ी में जोता जाता है तब उनका कंधा सूज जाता है। कभी-कभी अधिक भार खींचने और चढ़ाई पर चढ़ने से बड़े बैलों का भी कंधा लग जाता है।

उपचार—(क) कंधे को ध्यान से देखिए। यदि सिर्फ सूजन की गिल्टी पड़ गयी है और घाव नहीं है तो गिल्टी को गर्म पानी में कपड़ा भिगोकर सेकिए। ऊपर बताये गये तरीके से कम से कम एक बार में २०-२५ मिनट तक अवश्य सेकना चाहिए।

(ख) फिर स्प्रिट और सरसों का तेल मिला कर कंधे पर मालिश कीजिए। स्प्रिट न हो तो तारपीन का तेल मिला सकते हैं।

(ग) यदि कंधे पर घाव हो गया है तो घाव को साफ रखिए। घाव पर मक्खी बैठने से कीड़े पड़ जाते हैं। इसलिए घाव पर मलहम लगाना चाहिए। थोड़ा सफेदा घी में या मोम में घोलकर मलहम बना लीजिए और घाव पर लगाइए। घाव अच्छा होने पर ही पशु को काम में लाइए।

सींग टूटना

आपस में लड़ने या चोट लगने से पशुओं के सींग टूट जाते हैं। छोटे पशुओं में सींग का टूटना इतना अधिक जोखिम नहीं जितना बड़े पशुओं में। साधारण घाव सफाई रखने और उस पर मक्खी न बैठने देने से ठीक हो जाता है।

बड़े पशुओं का सींग टूटने पर काफी सावधानी रखनी चाहिए और तुरंत ही उसका उपचार करना चाहिए।

उपचार—(क) यदि खून अधिक निकल रहा है तो ठंडा पानी पशु के सिर पर डालिए और कपड़े की पट्टी टूटे हुए सींग पर कस कर बांध दीजिए। थोड़ी देर में खून बहना बंद हो जाएगा।

(ख) पट्टी को उसी दिन न खोलिए क्योंकि खून फिर बहने का डर रहता है।

(ग) दूसरे दिन पट्टी को पानी में तर कीजिए। उसको इतना भिगोइए कि पट्टी घाव को अपने आप छोड़ दे या तनिक सहारे से अलग हो जाए। ऐसा करने से खून नहीं निकलेगा और घाव ताजा नहीं होगा।

(घ) घाव खुलने पर उसे साफ पानी से साफ कीजिए और उस पर नीम के तेल का फाहा लगाकर पट्टी बांध दीजिए।

(ङ) नीम के तेल के अलावा बोय का तेल (फिनाइल) भी लगाया जा सकता है। एक भाग बोय का तेल (फिनाइल)

और चार भाग अलसी का तेल मिलाकर उसमें कपड़ा तर कीजिए और उसे घाव पर रख कर पट्टा बांधते रहिए। इससे मक्खी भी नहीं आती और घाव जल्दी ठीक हो जाता है।

दिन में एक बार पट्टी करनी चाहिए। अगर घाव खराब नहीं होता तो वह दो सप्ताह में ठीक हो जाता है।

जिस पशु का सींग टूट जाए उसको रात में दो रस्सियों से बांधा जाए जिससे वह सिर इधर-उधर लगाकर फिर चोट न लगा ले। दिन में उसे दूसरे पशुओं से लड़ने या पेड़ से सिर न रगड़ने देना चाहिए। जहां तक हो सके पशु का सींग ठीक होने से पहले काम में न लाइए।

सावधानी के लिए पशु को अपने क्षेत्र के पशुचिकित्सक को अवश्य दिखाइए।

गोबर न करना या गोबर कड़ा होना

उपचार (क) मेगनेशिया एक पाव, नमक एक पाव, गुनगुने पानी में घोल कर पिलाएं। यदि पशु फिर भी गोबर न करे तो फिर आठ घंटे बाद इसी मात्रा को दें।

(ख) एक बार खुल कर गोबर करने के बाद पशु को पिसी सोंठ एक छटांक, पिसी कुटकी एक छटांक, पिसा नौसादर आधा तोला, पिसा कलमी शोरा आधा तोला मिलाकर पानी में घोल कर या शीरे में मिलाकर २४ घंटे में दो बार दें। इस दवा को कुछ दिन तक सेवन कराने से पशु ठीक हो जाएगा।

पेट का दर्द

इस रोग में पशु बार-बार उठता-बैठता है और पेट की ओर रह-रह कर देखता है।

उपचार—(क) पिसा हुआ कुचला एक तोला और अमेनिया कार्ब आधी छटांक कूट कर पीस लें। फिर उन्हें गुड़ में मिलाकर पशु को खिलाएं।

(ख) तारपीन का तेल एक छटांक और अलसी का तेल आधा सेर मिला कर पिलाइए।

(ग) हीरा हींग एक तोला, कलमी शोरा एक तोला, नौसादर एक तोला, काला नमक एक तोला कूट-पीस कर मिला लें और गुन-गुने पानी में घोल कर पिलाएं। यह एक मात्रा है। २४ घंटे में तीन बार ऐसी मात्राएं देने से पशु को आराम आ जाएगा।

(खेती से साभार)

पशुओं के आहार में खली

कितनी मात्रा खिलायें

पशुओं को एक निश्चित मात्रा में खली खिलाना बहुत अच्छा रहता है। खली अधिक मात्रा में नहीं खिलानी चाहिए, क्योंकि इससे पशुओं को कब्ज हो जाता है।

सामान्यतः, दुधारू पशुओं को सानी में ४० प्रतिशत तक खली देनी चाहिए और शेष मात्रा भूसी, अनाज और दालें मिला कर पूरी करनी चाहिए।

भारवाही पशुओं को सानी में कुलथी, बिनौले की खली और मूंगफली की खली को बराबर मात्रा में मिलाना अच्छा रहता है।

प्रत्येक जवान पशु को एक सेर खली खिलाना एक अच्छा नियम है। जहां तिल या कुसुम की खली खिलाने का रिवाज हो, वहां यह मात्रा कुछ बढ़ा देनी चाहिए। गाभिन और कुछ कम आयु के पशुओं को खली कम मात्रा में देनी चाहिए।

ब्याने से कुछ पहले पशुओं को मूंगफली की खली और बिनौले की खली नहीं खिलानी चाहिए।

पशुओं को केवल ताजी खली खिलानी चाहिए और फफूंद लगी या सड़ी खली काम में नहीं लानी चाहिए।

सूखे क्षेत्रों में ज्वार

अच्छी उपज के लिए उर्वरक दीजिए

आंध्र प्रदेश में सूखे क्षेत्रों में ज्वार उगाने वाले किसान बोआई के समय एक या सवा मन अमोनियम सल्फेट डाल कर अधिक उपज प्राप्त कर सकते हैं।

राज्य में लाम और नाडयाल स्थानों में किये गये परीक्षणों से पता चला है कि उर्वरक की इससे अधिक मात्रा डालना भी लाभप्रद नहीं होता।

परीक्षणों में ज्वार की फसल में सुपरफास्फेट डालने का कुछ भी लाभ नहीं हुआ।

अपने नवजात बछड़ों को बचाइये

ज्ञानसिंह

पशु अधिकारी, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था, नई दिल्ली

भारत में पालन-पोषण के लिये अवैज्ञानिक तरीके अपनाने के कारण प्रतिवर्ष अधिकांश बछड़े मर जाते हैं। गांवों में प्रधानतः प्राथमिक सहायता की कमी ही नवजात बछड़ों की मौत का कारण बनती है। जगह की अत्यन्त कमी तथा बाल पशुओं के पालन पोषण के प्रति मालिकों के उपेक्षा भाव के कारण बछड़ों की स्थिति और भी चिंताजनक हो जाती है, इसलिये बछड़ों की मौत आश्चर्यजनक रूप से ज्यादा है। मुख्यतया तीन बीमारियों के कारण मरण का स्तर इतना अधिक है :

वे रोग हैं : पेचिश, नाभि रोग और जात विष्टा का धारण। नयी दिल्ली की भारतीय कृषि अनुसंधान संस्था में सन् १९०४ से शाहीवाल पशुओं की एक मूल्यवान गोयूथ वंशावली रखी जाती है और यहां क्रमबद्ध औषधि प्रयोग तथा स्वास्थ्यकारी उपाय अपनाकर इन बीमारियों पर सफलता पूर्वक नियंत्रण किया गया है।

पेचिश

बछड़े के सभी रोगों में पेचिश अधिक खतरनाक है और गन्दी जगह साफ-सुथरे बाड़ों के अभाव जैसे अस्वास्थ्यकर परिस्थितियों के कारण यह बीमारी फैलती है। इस बीमारी से मृत्यु इतनी अधिक होती है कि उपचार के अभाव में शत-प्रतिशत बछड़े मर जाते हैं। जन्म के बाद करीब एक से तीन दिन तक इसके लक्षण दिखाई देने लगते हैं। बछड़ा दूध पीना छोड़ देता है, बीमारी का ताप बढ़ जाता है, वह हताश मालूम पड़ता है और अधिकांश समय सोया पड़ा रहता है। मल तरल तथा पीला हो जाता है और उसके बाद फेन तथा रक्त मुक्त भी हो जाता है। फलस्वरूप बछड़ा कंकाल हो जाता है और एक सप्ताह के अन्दर मर जाता है। इस बीमारी के उपचार में भी अधिक समय लगता है और रोगमुक्ति की आशा कम होती है। यदि कुछ बछड़े इससे बच भी जावें तो वे कमजोर तथा बेकार हो जाते हैं।

इस रोग के वर्तमान उपचार में बछड़े को अन्य पशुओं से अलग किया जाता है और प्रारंभ से सलफामेजाथीन पर रखा जाता है। आधे कप गरम पानी में आठ गोली घोल कर प्रारंभिक डोज की तरह दिया जाता है।

बाकी तीन दिन तक इसी मात्रा का आधा अंश दिया जाय। यदि बछड़ा दवा पीने से इन्कार करे तो ३३॥ प्रतिशत सलफामेजाथीन सोड़िअम सोल्युशन शरीर में दिया जाय और बाकी तीन दिन के लिये भी यही दवा दी जाय। खुराक बदल देना भी आवश्यक है। दूध देना एक दम बन्द किया जाय और उसके बदले चावल, जई या बारले का मांड दिया जाय। सवेरे, दोपहर तथा शाम को छः छटांक मांड दिया जाय। इस उपचार से अधिकांश मामलों में बीमारी का निवारण हो जाता है और बछड़े चार दिन में रोग से छुटकारा पाते हैं। यदि तीसरे दिन बछड़े की साधारण स्थिति में कोई सुधार नजर न आवे तो तीसरे या चौथे दिन मांस-पेशी में सलफामेजाथीन के साथ तेल में पैनिसिलिन के एक सीसी इन्जेक्शन दिया जाय। इससे पूर्णतः संक्रामकता जाती रहती है। पांच दिन के बाद दिन में दो बार बछड़े को मांड़ दिया जाय और तीसरे समय उसे दूध दिया जाय। इसके बाद दो दिन में मांड की जगह दूध दिया जा सकता है। दूध को अधिक पौष्टिक तथा स्वादिष्ट बनाने के लिये थोड़ी सी चीनी मिलाना आवश्यक है और थोड़ा सा अदरक घोलने से दूध जल्दी तथा आसानी से पच सकता है।

नाभि रोग

नाभि रोग का संक्रमण नाभि द्वारा उत्पन्न होता है और इसी के जरिये बछड़ा गाय के गर्भाशय के किनारों से जुड़ा रहता है। जन्म के समय पर नाभि टूट जाती है और उसका टूटा छोर खुला रहने के कारण उसमें संक्रमण का प्रवेश हो जाता है। इस बीमारी से बछड़ा मन्द पड़ जाता है, इधर उधर हिलना डुलना नहीं चाहता और दूध पीना भी छोड़ देता है। बीमारी का ताप करीब १०५ डिग्री एफ तक बढ़ जाता है। नाभि की जड़ सड़कर उष्ण तथा दर्दनाक हो जाती है। यदि तुरन्त उचित उपचार न किया गया तो संक्रमण शरीर के और हिस्सों में भी फैल जाता है खासकर सन्धि अंगों पर संक्रमण का अधिक असर होता है। ऐसी हालत में बछड़े की बचने की आशा कम होती है। इस बीमारी से करीब ६० प्रतिशत मृत्यु होती है।

यदि जन्म के पहले तीन दिन के अन्दर सावधानी बरती जाय तो इसका नियंत्रण किया जा सकता है। ब्याने के तुरन्त बाद नाभि स्थान पर उचित ध्यान दिया जाय। नाभि को बांध दिया जाय। एक सामान्य धागे को कारबोलिक एसिड में डुबोकर नाभि से लपेट दिया जाय। कारबोलिक ऐसिड तथा लोरेजेन से अच्छे परिणाम निकल सकते हैं। बांधी गयी गांठ नाभी से एक अंगुल की दूरी पर हो और नाभि को गांठ के करीब आधे अंगुल बीच में काट दिया जाय। गांठ के चारों तरफ संक्रामक निरोधक दवा भी लगाया जाय। जब नाभि सूख जाती है तो संक्रमण की संभावना नहीं रह जाती। कुछ किसान संक्रमण निरोधक दवा का इस्तेमाल तो करते हैं लेकिन गांठ नहीं बांधते जिसके अभाव में संक्रमण नाभि के छोर में प्रवेश करता है। इसके बाद तीन दिन तक रोज दो बार गरम पानी से नाभि को सेंका जाय जब नाभि पूर्णतः सूख जाय तो गांठ को खोला जाय। इस तरह से चोट को पिनकी लोशन से साफ किया जाय, कपास से पोंछा जाय और उसपर सलफानोमैड चूर्ण छिटका जाय। इस प्रकार उपचार करने से रोग निवारण हो जाता है और एक सप्ताह में बछड़ा स्वस्थ हो जाता है।

जातविष्टा का धारण

नवजात बछड़े के लिये तीसरा खतरनाक रोग जात-विष्टा का धारण है। जन्म के पहले मल जम जाने के कारण यह रोग पैदा हो जाता है। बछड़े के स्वस्थ रहने के लिये मेकोनिअम का बाहर निकल जाना आवश्यक है। यदि मेकोनिअम रह जाय तो बछड़ा सुस्त हो जाता है, दूध नहीं पीता और मलमूत्र बन्द होने के कारण वह परेशान हो जाता है। फलस्वरूप वह व्याकुल तथा दुखी नजर आता है। ऐसी हालत में जब कभी बछड़ा मेकोनिअम निकले बिना दूध पीता रहे तो उसकी और भी खराब हालत हो जाती है क्योंकि वह दूध को पचा नहीं सकता और दूध पेट में जम जाता है। बछड़ा धीरे धीरे मन्द हो जाता है और आखिरकार पेट की गड़बड़ के कारण मर जाता है। यदि मेकोनिअम बाहर न निकल जाय तो तुरन्त चार छटांक गरम दूध में एक छटांक लिक्विड पैराफिन मिलाकर पिलाया जाय और यदि आवश्यक हो तो उसे और कई बार पिलाया जाय। कई मामलों में इससे मोकोनिअम बाहर निकल जाता है। यदि इससे भी काम न चले तो साबुन का पानी पिलाया जाय। रेंडी तथा सरसों का तेल बार बार देने से बछड़े की नाजुक व्यवस्था बिगड़ जाती है और उनके स्वस्थ होने की गुंजाइश कम हो जाती है।

किसान गाय के ब्याने के समय पर सफाई के उपायों पर पूरा ध्यान दें। बछड़े को साफ सुथरे घास के बिस्तर पर रखा जाय और ऊपर कहने के अनुसार उसे आवश्यक प्राथमिक सहायता दी जाय। इस प्रकार सतर्कता बर्तने से बछड़ों की मृत्यु संख्या जरूर घट जाती है।

('इंडियन फार्मिंग से')

मुख्य ग्राम योजना की प्रगति

जम्मू और काश्मीर

इस राज्य ने पहली योजना में किसी मुख्य ग्राम खण्ड का निर्माण नहीं किया है फिर भी दूसरी पंचवर्षीय योजना में ७-६८ लाख रुपयों की राशि, मुख्य ग्राम योजना के लिए तय की गई है। दूसरी योजनाकाल में छः देहाती मुख्य ग्राम खण्डों का निर्माण तथा छः सौ बछड़ों को सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्धारित लक्ष्य के विपरीत अभी तक तीन मुख्य ग्राम खण्ड स्थापित किये गये हैं और किसी बछड़े को आर्थिक सहायता नहीं दी गई है। राज्य सरकार ने मुख्य ग्राम योजना के साथ खाद्य तथा चारे के विकास का कार्यक्रम नहीं अपनाया है।

पहली तथा दूसरी योजना में प्राविधिक कार्यक्रम के प्रमुख तथ्यों की समीक्षा नीचे टेबल नं० १ में की गई है।

हिमाचल प्रदेश

पहली योजना काल में सोलह मुख्य ग्राम खण्डों के साथ ही चार कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोले गये। दूसरी योजना में इस कार्यक्रम के लिये २-३९ लाख रुपयों की मद निश्चित की गई है। दो मुख्य ग्राम खण्डों, एक देहाती मुख्य ग्राम खण्ड, एक विस्तार केन्द्र को विस्तार करने तथा चालीस बछड़ों को सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य सरकार ने पहली योजना में स्थापित चारों मुख्य ग्राम खण्डों का विस्तार किया है। लेकिन किसी नये देहाती खण्ड तथा विस्तार केन्द्र का स्थापन नहीं किया गया है। अभी तक केवल २० बछड़ों को सहायता दी गई है। अभी तक खाद्य तथा चारे के विकास कार्यक्रम पर ध्यान नहीं दिया गया।

मुख्य रूप से पहाड़ी इलाके के पशु पालकों के आम पिछड़ेपन तथा पशुओं के पोषाहार के अभाव के कारण इस राज्य के सामने पशु-प्रजनन के मा ं में कई बाधाएं हैं। यद्यपि कृत्रिम गर्भाधान को लोकप्रिय बनाने का हर संभव प्रयत्न किया गया है तथापि अनुभव से सिद्ध हो गया है कि इस राज्य के पशुपालक कृत्रिम गर्भाधान के जरिये गायों का प्रजनन मानने के लिये बिलकुल तैयार नहीं हैं। अतीत में प्राप्त अनुभव के आधार पर यह निर्णय किया गया है कि प्राकृतिक साधनों के जरिये प्रजनन पर नियंत्रण किया जाय और आहिस्ता आहिस्ता कृत्रिम गर्भाधान का तरीका लागू किया जाय। इसके फलस्वरूप सोलन को छोड़ कर बाकी सभी केन्द्रों में प्राकृतिक साधनों के द्वारा प्रजनन पर नियंत्रण किया जा रहा है। कोटगढ़ मुख्य ग्राम खण्ड के सामने कई बाधाएं हैं क्योंकि यह पूर्णतः पहाड़ी इलाका है और प्रतिगांव में करीब १५ से २० गाय होने के कारण इसकी पशुसंख्या काफी घनी है। इसलिए यह सुझाव दिया गया है कि इस क्षेत्र में विस्तार केन्द्रों के आधार पर काम किया जाय और प्राकृतिक प्रजनन के लिये केवल सांडों को रखा जाय। पहली तथा दूसरी योजना में प्रावधिक कार्यक्रम के प्रधान तथ्यों पर किये गये कार्य की समीक्षा टेबल नं० २ में दी गई है।

पंजाब

पहली पंचवर्षीय योजना में आठ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र तथा ३२ मुख्य ग्राम खण्ड स्थापित किये गये। दूसरी योजना के लिये ४६-५९ लाख रुपया निश्चित किये गये। ६ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों, आठ देहाती मुख्य ग्राम खण्डों, डेरी योजना के साथ सात मुख्य खण्डों, पांच शहरी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों और उन्नीस विस्तार केन्द्रों को विस्तार करने तथा १४५० बछड़ों को आर्थिक सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित

किया गया है । पहली योजना में स्थापित सभी केन्द्रों के विस्तार करने का काम पूरा हो गया है । निर्धारित लक्ष्य के अनुसार जहां आठ देहाती मुख्य ग्राम खण्ड स्थापित किये गये वहां डेरी योजना के साथ सात की जगह केवल एक ही मुख्य ग्राम खण्ड स्थापित किया गया है । शहरी क्षेत्र के लिये निर्धारित लक्ष्य भी पूरा किया गया है । यद्यपि उन्नीस विस्तार केन्द्र स्थापित करने तथा १४५० बछड़ों को सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया तथापि एक भी विस्तार केन्द्र नहीं खोला गया और केवल ३९५ बछड़ों को आर्थिक सहायता दी गई है ।

अभी तक खाद्य तथा चारा विकास करने के कार्यक्रम पर कोई ध्यान नहीं दिया गया । यह माना जाता है कि डेरी योजना के साथ मुख्य ग्राम खण्डों और विस्तार केन्द्रों की प्रगति तेजी से नहीं हो रही है । जहां तक बछड़ों को सहायता देने का सवाल है यह मंत्रालय हरियाना तथा मुर्रा बछड़ों के पालन पोषण के लिये अधिक सहायता देने के लिये सरकार पर दबाव डाल रहा है लेकिन राज्य सरकार इस दिशा में उपेक्षा दिखा रही है । राज्य सरकार अधिकतर हिसार के सरकारी पशुधन फार्म से अपने हरियाना तथा मुर्रा भैंसों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही है और वह नर बछड़ों की सहायता के लिये और पैसा लगाने के लिये इच्छुक नहीं है क्योंकि उसका अनुमान है कि ये बछड़े राज्य सरकार के काम में नहीं आयेंगे । फिर भी इस क्षेत्र में उत्पन्न अधिकांश नरसंतति को दूसरे राज्य प्रजनन के लिये खरीद लेते हैं ।

पहली तथा दूसरी योजना में किये गये कार्य की समीक्षा नीचे टेबल नं० ३ और ४ में दी जा रही है ।

दिल्ली

पहली योजना में इस केन्द्रीय क्षेत्र में कोई केन्द्र नहीं खोला गया है । दूसरी योजना में अखिल भारतीय मुख्य ग्राम योजना के लिये ४-१८६ लाख रुपये की राशि निश्चित की गई है और एक देहाती मुख्य ग्राम खण्ड स्थापित करने तथा दो सौ बछड़ों को सहायता देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है । यद्यपि दिल्ली केन्द्रीय प्रशासन के अन्तर्गत है, फिर भी योजना का निर्धारित लक्ष्य पूरा नहीं हो सका । पहली तथा दूसरी योजना में किये गये कार्य की समीक्षा टेबल नं० ५ में देखिए ।

उत्तर प्रदेश

पहली योजना में उत्तर प्रदेश में ९२ मुख्य ग्राम खण्डों के साथ २३ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोले गये । दूसरी योजना के लिये १२९-५८ लाख रुपये की व्यवस्था की गई है और दूसरी योजना के लक्ष्य तथा सफलताएं टेबल नं० ६ में दिखाये गए हैं ।

खाद्य तथा चारे के विकास के कार्यक्रम के लिये राज्य सरकार ने आवश्यक कर्मचारियों को नियुक्त किया और पशुधन फार्मों में चरागाह प्रदर्शन तथा विकास का काम शुरु किया है । पशुपालकों को चारा, बीज, जड़ें आदि भी दिये गये हैं । पहली तथा दूसरी योजना में संपन्न प्राविधिक कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा टेबल नं० ७ व ८ में देखिए ।

राजस्थान

पहली पंचवर्षीय योजना में २४ मुख्य ग्राम खण्डों के साथ ६ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोले गये हैं:—

दूसरी योजना के लिये २९-६३ लाख रुपये रखे गये । योजना के लक्ष्य तथा सफलता का जिक्र नीचे टेबल नं० ९ व १० में किया जा रहा है ।

मध्य प्रदेश

पहली योजना में ५० मुख्य ग्राम खण्डों के साथ १७ कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र खोले गये हैं । इस राज्य के लिये ९८-८१६ लाख रुपये रखे गये । (टेबल नं० ११ व १२)।

सामान्य समीक्षा

आम तौर पर यह देखा गया है कि इस क्षेत्र के राज्यों ने विकास केन्द्र स्थापित करने बछड़ों के पालने के लिये आर्थिक सहायता देने और खाद्य तथा चारे के विकास करने में खास ध्यान नहीं दिया है । लेकिन दूसरे कार्यों में अच्छी प्रगति हुई है । योजना का मुख्य उद्देश्य सांडों का उत्पादन बढ़ाना है और विस्तार केन्द्रों में उनका उपयोग करना है यही महत्त्वपूर्ण विषय है जिस पर इस गोष्टी को विशेष ध्यान देना चाहिए । जब तक मुख्य ग्राम योजना के साथ खाद्य तथा चारे के विकास कार्यक्रम पर ध्यान नहीं दिया जायेगा तब तक उत्तम प्रजनन के जरिये प्राप्त सफलताएं अपर्याप्त तथा अपौष्टिक खुराक के कारण अधूरी रहेगी ।

टेबल नं० १

कार्य के विषय	पहली योजना	दूसरी योजना ५६-५७	५७-५८	५८-५९	वर्गीकरण के बारे में टिप्पणियां
कृत्रिम गर्भाधान	कोई	—	—	६	तीनों केन्द्र 'ई' श्रेणी के अन्दर
प्राकृतिक सेवाएं	काम	—	—	२९९८	आते हैं
बधिया करना	नहीं	—	—	१४१७	
निरोधात्मक सुई	किया	—	—	८४६०	
बछड़ों को सहायता	गया	—	—	--	

टेबल नं० २

कार्य के विषय	पहली योजना ५१-५२	५२-५३	५३-५४	५४-५५	५५-५६	दूसरी योजना ५६-५७	५७-५८	५८-५९	वर्गीकरण के बारे में टिप्पणियां
कृत्रिम गर्भाधान	---	---	१२३	१५२	१९७	३५९	३७९	४२०	अ-नहीं आ-नहीं
प्राकृतिक सेवाएं	---	२८२	३५७	५००	१०६२	१६४३	३६३३	३७१४	इ-१
बधिया करना	---	२६९	२७३	४७१	१५८०	२२४६	३०९२	३२४२	इ-१
निरोधात्मक सुई	---	---	५१०४	१०२	२४०९	४८६९	३३८१	२४६९३	ई-२
बछड़ों को सहायता	---	---	---	---	---	---		२०	एन ए

टेबल नं० ३

कार्य के विषय	पहली योजना ५१-५२	५२-५३	५३-५४	५४-५५	५५-५६	द्वितीय योजना ५६-५७	५७-५८	५८-५९	वर्गीकरण
कृत्रिम गर्भाधान	८७	८००	६०२	२२८८	३०४९	५५३५	७४६१	१२३८९	अ-नहीं
प्राकृतिक सेवाएं	५९	१८७	२६४	२९४९	३६७४	४०६९	४०७९	११३३३	बी-३
बधिया करना	४८	५४३	६८४	१२१०	१०८४	३३६०	३१६२	३८६२	सी-६
निरोधात्मक सुई	५९०	८०८१	२३२३	४०७७२	४६०५१	४१७८१	३४९४५	५६१४०	डी-२
बछड़ों के लिए सहायता						१५	७०	४५	ई-८

टेबल नं० ४

मुख्य ग्राम खण्ड

राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्था, कर्नाल

कृत्रिम गर्भाधान	२१४	३६३५	४०६३	३११८	८३४	१३२८	२६५६	२१८८	'इ' श्रेणी के अन्दर
प्राकृतिक सेवाएं	—	३७०	१४८	५०	१	—	—	—	आते हैं
बधियाना	४७	२७८१	११५७	२१९	२१२	४६७	६०२	३३९	
निरोधात्मक सुई	—	६५२८	—	८९३६	७८५	३००८	४८२	१०८६२	

टेबल नं० ५

मुख्य ग्राम खण्ड

भारतीय कृषि अनुसन्धान संस्था

कार्य के विषय	पहली योजना	दूसरी योजना			वर्गीकरण की टिप्पणी
		५६-५७	५७-५८	५८-५९	
कृत्रिम गर्भाधान	कोई	४	३१	६५	केन्द्र 'अ' श्रेणी के अन्दर
प्राकृतिक सेवाएं	काम	४७६	४७३	५२१	आता है
बधियाना	नहीं	९३	९४	१३१	
निरोधात्मक सुई	हुआ	५२८०	७५६३	६२४१	
बछड़ों को सहायता	—	—	—	—	

टेबल नं० ६

	लक्ष्य	सफलताएं
पहली योजना में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का विस्तार	१८	१५
देहाती मुख्य ग्राम खण्ड	१३	९
डेरी योजना के साथ मुख्य ग्राम खण्ड	७	४
शहरी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	१०	६
विस्तार केन्द्र	३०	१४
बछड़ों को सहायता	५०००	९२२

टेबल नं० ७

	पहली योजना					दूसरी योजना			
कार्य के विषय	५१-५२	५२-५३	५३-५४	५४-५५	५५-५६	५६-५७	५७-५८	५८-५९	श्रेणी
कृत्रिम गर्भाधान	--	३२५६	८०३५	१८१७२	२१८५०	२५३२७	३१३८९	४०५२५	अ-नहीं
प्राकृतिक सेवाएं	--	४०१	२८९५	७९०४	७२६६	७८७०	८५०२	११२५७	आ-३
बधिया करना	--	१७४०	५९०३	१०८१६	९७०४	१००११	१३४५०	१४८६३	३-४
निरोधात्मक सुई	--	९२७८२	१७९८६३	३१७८७२	२२५६८८	१७८९१३	२५९१८९	४४३३६७	ई-८
बछड़ों को सहायता	--	--	--	--	--	१२२	४०८	४४५	उ-२०

टेबल नं० ८

मुख्य ग्रास योजना

भारतीय पशुचिकित्सा अनुसन्धान संस्था

कृत्रिम गर्भाधान	१८९	४२२	६३१	९३८	८७३	९४८	१२३०	१७९०	केन्द्र
प्राकृतिक सेवाएं	—	—	—	—	—	—	—	—	'इ'
बधिया करता	७१	५६९	४६९	७३०	८७३	३६७	५८४	५२१	श्रेणी
निरोधात्मक सुई	४८४१	—	१५४०	२०३४		१२२६	१२०३	३२२७	में
बछड़ों को सहायता	—	—	नहीं ली गई		—	—	—	—	

टेबल नं० ९

	लक्ष्य	सफलता
पहली योजना में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का विस्तार	५	४
देहाती मुख्य ग्राम खण्ड	५	७
डेरी योजना के साथ मुख्य ग्राम खण्ड	२	१
शहरी कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	६	१
विस्तार केन्द्र	९	—
बछड़ों को सहायता	३३५	१७५
खाद्य तथा चारे का विकास	लिया गया	

टेबल नं० १०

पहली तथा दूसरी योजना में कार्य की प्रगति की समीक्षा—

		पहली योजना	दूसरी योजना		
कार्य के विषय		५६-५७	५७-५८	५८-५९	
कृत्रिम गर्भाधान	कोई	१२१२	३१७६	५३८५	अ–
प्राकृतिक सेवाएं	काम	१३६४	६२३	८५०	आ-
बधिया करना	नहीं	१७११	४३१४	२८५१	इ-१
निरोधात्मक सुई	हुआ	२०४२०	७२५५४	१९८३९	ई-२
बछड़ों को सहायता					

टेबल नं० ११

अब तक का योजना के लक्ष्य तथा सफलता इस प्रकार हैं—

	लक्ष्य	सफलता
पहली योजना में कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों का विस्तार	१५	८
देहाती मुख्य ग्राम खण्ड	१३	९
डेरी योजना के साथ मुख्य ग्राम खण्ड	७	१
शहरीय कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र	५	१
विस्तार केन्द्र	१२	१
बछड़ों को सहायता	२१२५	१७५
खाद्य तथा चारे का विकास	—	—

टेबल नं० १२

पहली तथा दूसरी योजना की प्रगति—

		पहली योजना	दूसरी योजना		
कार्य के विषय		५६-५७	५७-५८	५८-५९	वर्गीकरण
कृत्रिम गर्भाधान	कोई	११६२	४३८२	६००८	अ–
प्राकृतिक सेवाएं	काम	३८७३	९९१८	२१२००	आ–
बधिया करना	नहीं	४८९८	११२८२	१७३७६	इ-२
निरोधात्मक सुई	हुआ	५९६५०	१२४३९९	२६११०	ई-११
बछड़ों को सहायता		३४	१५	२५५	उ-२०

(आबू सेमीनार में प्रस्तुत एक नोट)

बम्बई राज्य गौशाला पिंजरापोल संघ

खंडेलवाल गोसंवर्धन प्रतियोगिता—१९५९

गीर जाति

			पुरस्कार (रुपयों में)
(१)	श्री ग्राम दक्षिणामूर्ति गौशाला, आमला	प्रथम	रु० २००१-
(२)	श्री लोकभारती गौशाला, सणोसरा	द्वितीय	,, १००१-
(३)	श्री वीराणी गौशाला, शारदाग्राम	,,	,, १००१-
(४)	श्री पिंजरापोल गोरक्षण संस्था, अहमदनगर	,,	,, १००१-
(५)	पूना पिंजरापोल संस्था, पूना	तृतीय	,, ७५१-
(६)	श्री गोवर्धन संस्था, चोपडें	,,	,, ७५१-

काँक्रेज जाति

(१)	आदर्श गौशाला, बोचासन	प्रथम	रु० २००१-
(२)	ईडर पिंजरापोल संस्था, ईडर	द्वितीय	,, १००१-
(३)	गुजरात गौशाला, कडी	तृतीय	,, ५०१-

गौलाऊ जाति

(१)	श्रीकृष्ण गौरक्षण कमेटी, गोंदिया	प्रथम	रु० १२५१-
(२)	श्री गौरक्षण संस्था, धामणगांव	द्वितीय	,, ७५१-
(३)	श्री गोरक्षण संस्था, अमरावती	तृतीय	,, ५०१-
		कुल	रु० १२५०१-

चैम्पियनशिप शील्ड

(१) श्री लोकभारती गौशाला. सणोसरा : गीर जाति.
(२) आदर्श गौशाला. बोचासन : कांक्रेज जाति.
(३) श्री गोरक्षण संस्था. अमरावती : गौलाऊ जाति

GOSAMVARDHANA

(An English-Hindi Illustrated Monthly)

Subscription

Annual:	Rs. 9.00
Single copy:	Re. 0.75

(*Exclusive of M.O. Commission/Bank Draft Charges*)

Gosamvardhana is a monthly journal containing original articles on cattle development and allied subjects, namely, breeding methods, feeding and improved cattle dairy husbandry practices, fodder crops and their cultivation, cattle feeds and their better utilisation, conservation of surplus fodder and grasses, improvement of grazing areas, milk and its utilisation, development of dairy industry, co-operative marketing of milk, cattle diseases and their control and treatment, development of *Gaushalas* and *Pinjrapoles*, Key Village Scheme, cattle shows, milking competitions, cattle markets, etc.

Gosamvardhana is a useful guide to Agriculturists, Cattle Husbandsmen, Dairy Workers, Veterinarians, Key Village Officers, Block Development Officers Extension Workers, Managements of Gaushalas and Pinjrapoles, and Students of Agriculture, Veterinary and Dairying.

Contribution in forms of original articles, technical notes, personal experiences, brief accounts of cattle fairs and shows, competitions, *Gosamvardhana* celebrations, *Gosammelans,* etc., may be sent to the Assistant Editor, Central Council of Gosamvardhana, 16-A Asaf Ali Road, New Delhi.

Contributions may be in Hindi or English preferably typed with double-spacing on one side of the paper. The articles may be suitably illustrated wherever possible.

The Gosamvardhana also accepts advertisements for agricultural and dairy equipment, veterinary appliances, gardening tools, manures and fertilisers, cattle feeds, laboratory equipment, chemicals and pharmaceutical preparations, insecticides and disinfectants, irrigation equipment, fodder chaffing machines, grass baling equipment, seeds and plants, cattle shows and fairs, general equipment for farms and dairies, cattle sales and purchases, dairy products, training courses, books and periodicals, etc.

Enquiries regarding subscriptions, rates of advertisements, and agency terms may be addressed to:

The Secretary,
Central Council of Gosamvardhana,
16-A, Asaf Ali Road,
NEW DELHI-6

Regd. No. D. 817.

Practical helps for preventing

LIVESTOCK LOSSES

Experience has proven that certain practices greatly reduce the risk of loss in handling livestock.

Every effort is made to merit the continued confidence and patronage of our many friends in the livestock industry. Our constant aim is to supply dependable products of high standard quality at the lowest consistent prices and with prompt and courteous service.

You may rely implicitly upon any merchandise purchased from our company. Feel free to write us for items that are of interest to you.

All deliveries are subject to availability of stock.

We offer all that is best and latest in **INSTRUMENTS, APPLIANCES AND EQUIPMENTS** for use in **VETERINARY SURGERY, OBSTETRICS GYNAECOLOGY, ARTIFICIAL INSEMINATION** and **POULTRY HUSBANDRY**.

CIRUGIA DE LUX PRIVATE LTD.,

Head Office :
24, Chowringhee Road,
CALCUTTA-13

TELEPHONE : 23—5552

Branch Office :
Bombay Mutual Annexe Bldgs.,
IV Floor, Room No. 34,
17 Gunbow Street,
(Fort) BOMBAY-1

TELEPHONE : 26—3802

GRAM : "SURGIQUIP"

Printed and published by H. J. Makhijani, Secretary, Central Council of Gosamvardhana, New Delhi at The Zodiac Press, Tilak Marg, Delhi-6.